अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024

# सड़कों पर उतरे अफसर, धर्मस्थलों से उतरवाए 172 लाउडस्पीकर

## शासन के निर्देश पर हुई कार्रवाई, स्कूलों के पास सक्रिय मनचले भी पकड़े

अमर उजाला ब्यूरो

**बरेली।** शासन के निर्देश पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी बृहस्पतिवार तड़के पांच बजे शहर की सड़कों पर उतरे। जिलेभर में थाना प्रभारी भी फोर्स के साथ क्षेत्र में घूमे।

जिले में धर्मस्थलों पर अवैध तरीके से लगे 172 लाउडस्पीकर उतरवाए गए। गर्ल्स कॉलेजों के आसपास मंडरा रहे बाइकर्स भी पकड़े गए।

सुबह पांच से आठ बजे तक एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत अन्य अधिकारी सड़कों पर नजर आए। अधिकारियों ने मार्निंग वॉक पर निकले लोगों से बात भी की।

धार्मिक स्थलों पर अनुमति के बिना लगे लाउडस्पीकरों को उतरवाने के साथ ही मानक से अधिक ध्वनि वाले लाउडस्पीकरों की आवाज भी कम कराई गई। कुल 1768 लाउडस्पीकरों को चेक किया। इनमें से 762 मानक के विपरीत मिले।

पुलिस ने 590 लाउडस्पीकरों की ध्वनि कम कराई, जबकि 172 को उतरवा दिया। वाहन चेकिंग भी की।

### चौकी चौराहे पर नंबर प्लेट के बिना 39 वाहन सीज

गांधी उद्यान तिराहे, चौकी चौराहे पर नंबर प्लेट के बिना 39 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही स्टंट कर रहे नौ वाहनों को भी सीज किया गया। 45 वाहन चालकों का चालान किया गया।

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024

# छह दिसंबर को लेकर अलर्ट, 95 असमाजिक तत्व किए गिरफ्तार

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर अफसरों ने किया पैदल भ्रमण, जिले में यलो स्कीम लागू

**सतर्कता**

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद छह दिसंबर को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। गुरुवार सुबह पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर में पैदल भ्रमण कर लोगों से वार्ता की। धर्मस्थलों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर और संदिग्धों के खिलाफ जिले भर में अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।

बुधवार शाम हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने छह दिसंबर को लेकर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। इस पर अमल करते हुए गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक के समय सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने डोहरा रोड, सिविल लाइंस, प्रेमनगर आदि इलाकों में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान अफसरों ने जन सामान्य से बात कर सुरक्षा का अहसास दिलाया।

**स्टंट पर नौ बाइकें सीज:** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बाइक चालकों और संदिग्धों की भी चेकिंग कराई गई। जिले में कुल 220 स्थानों पर जांच कर 95 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया, बाकी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। स्टंट करने पर नौ बाइक समेत 39 सीज की गईं और 45 के चालान किए गए।



अफसरों ने पैदल गश्त करके कराया सुरक्षा का अहसास

### जुमा के चलते विशेष अलर्ट, येलो स्कीम लागू

इस बार छह दिसंबर और जुमा एक ही दिन हैं। वहीं, संभल को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है। इसके चलते येलो स्कीम लागू कर पुलिस-प्रशासन को विशेष अलर्ट किया गया है। गुरुवार दोपहर में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम के साथ सेक्टर स्कीम का रिहर्सल किया गया। शाम को एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में किला क्षेत्र में पैदल गश्त की गई और फिर पुलिस के चार पहिया वाहनों से गश्त कराई गई। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद से होने वाली तकरीरों पर विशेष नजर रहेगी। इसके लिए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस के साथ ही खुफिया इकाइयों को तैनात किया गया है।

### 1768 धर्मस्थल चेक कर 172 लाउडस्पीकर उतरवाए

गुरुवार सुबह अभियान चलाकर 1768 धर्मस्थलों के लाउडस्पीकर चेक किए गए। इस दौरान 762 लाउडस्पीकर मानक के विपरीत मिले, जिनमें से 590 की आवाज कम कराई गई और बिना अनुमति वाले 172 लाउडस्पीकर उतरवा दिए गए। इसके साथ ही 1220 धार्मिक स्थलों और 93 महानुभावों की प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए भी चेकिंग की गई। आज जिलेभर में अलर्ट है। पुलिस हर तरह की स्थितियों से निपटने के लिए तैयार है।

" जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। सभी धर्मस्थलों की भी निगरानी कराई जा रही है। सीओ और थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करेंगे। एडिशनल एसपी को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। अगर कोई खुराफात करने की कोशिश करेगा तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी।

-अनुराग आर्य, एसएसपी

## दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024

# दिन हो या रात पुलिस हमेशा आपके साथ

### शासन के आदेश पर अधिकारियों ने शुरू की मार्निंग गश्त जिससे शहरवासियों को हो सुरक्षा का अहसास

जागरण संवाददाता, बरेली : सुबह हो या शाम... दिन हो या रात... बरेली पुलिस हर समय शहर के लोगों की सुरक्षा को तत्पर है। इसका एहसास कराने को शासन के आदेश पर एक नई पहल शुरू हुई। अभी तक अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारी तक सभी शाम या रात में गश्त करते थे, लेकिन अब सुबह की गश्त भी शुरू कर दी गई है। गुरुवार को इस गश्त का पहला दिन था। पहले दिन ही सुबह पांच बजे से सड़कों पर एडीजी, आइजी, एसएसपी और एसपी सिटी समेत सभी थानों के प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त की। इस बीच पुलिस ने बिना अनुमति लाउडस्पीकर, सड़कों पर खतरनाक स्टंट और मार्निंग वाक करने वालों से संवाद के तीन अभियान चलाने के साथ कार्रवाई भी की। इससे लोगों को इस बात का संदेश पहुंचे कि शहर के लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

सुबह पांच बजे ही एडीजी रमित शर्मा, आइजी डा. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एससएपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक फोर्स के संग गश्त पर निकले। सभी लोग सबसे पहले गांधी उद्यान पहुंचे, वहां मार्निंग वाक पर आए लोगों से बातचीत की। उनसे पुलिस के बारे में फीड बैक लिया और इस बात कहा एहसास दिलाया कि उन्हें किसी भी तरह की डरने की कोई जरूरत नहीं हैं। इसके बाद सभी अधिकारी गांधी उद्यान तिराहे पर आए वहां से चौकी चौराहा तक पैदल गश्त की। इस बीच जो भी लोग बाइक से स्टंट करते हुए मिले उनके चालान काटे, बाइक सीज की और लोगों को चेतावनी दी कि इस तरह से दोबारा किया तो इससे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



पैदल गश्त पर निकले एडीजी रमित शर्मा, आइजी डा. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार व एसएसपी अनुराग आर्य • जागरण

डीएम बोले - सुरक्षित और व्यवस्थित शहर हमारी प्राथमिकता :डीएम रविन्द्र कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन, सड़कों पर अवैध अतिक्रमण पर और साफ-सफाई व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है। इन बिंदुओं का अनुपालन के दृष्टिगत निरीक्षण किया।

### जिले में 39 बाइक सीज 45 के चालान व 172 उतरवाए लाउडस्पीकर

शहर से देहात तक पुलिस ने यह अभियान चलाया। मार्निंग गश्त में पुलिस ने कुल 220 वाहनों को चेक किया। इसमें से 95 असामाजिक तत्वों को पकड़ा, स्टंट करने वाले नौ लोगों की बाइक सीज की गई। बिना नंबर प्लेट संचालित हो रही 30 अन्य बाइकों को भी सीज किया। बाकी 45 बाइकों का चालान किया। जिले में कुल 1,768 लाउडस्पीकर लगे हुए हैं। गश्त में पुलिस ने 762 लाउडस्पीकर मानक के विपरीत पाए। इसमें से 570 की आवाज कम कराई तो 172 को उतरवा दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर लोगों को सुरक्षित माहौल का अहसास कराया। जो लोग नियम विरुद्ध तरीके से वाहनों आदि को चला रहे थे उन्हें भी पकड़ा गया।

---

## तरूण मित्र जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024

# वरिष्ठ अफसरों ने पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### मॉर्निंग वॉक करने आए लोगों से की बातचीत

बरेली, 05 दिसम्बर (तरूणमित्र)। गुरुवार प्रातः काल सूर्योदय के समय सुरक्षा एवं शान्ति के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश कुमार, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने महानगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर जन सामान्य से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अफसरो ने मॉर्निंग वॉक करने आए लोगों से बातचीत की।



अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024

[redacted]

# सुबह की सैर पर निकले अफसर, पुलिस ने 172 धर्मस्थलों से लाउडस्पीकर उतारे

## शासन के निर्देश का पालन, 45 वाहनों का चालान भी किया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश का पालन करते हुए पुलिस-प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सुबह तीन घंटे तक पैदल गश्त की। इसी दौरान पुलिस ने बिना अनुमति के धर्मस्थलों पर लगाए गए 172 लाउडस्पीकर उतरवाए और स्टंट करने पर 39 बाइकों को सीज करने के साथ 45 वाहनों के चालान किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुरुवार सुबह 5 से 8 बजे तक एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश शर्मा, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक के अलावा थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुबह पैदल गश्त की। इस दौरान तीन अभियान चलाए गए जिनमें धर्मस्थल पर बिना अनुमति लगे लाउडस्पीकरों को उतरवाने और उनकी आवाज को मानक के अनुसार कराना, सुबह सैर करने वालों से संवाद करना और बाइक से स्टंट करने वालों पर कार्रवाई करना भी शामिल था।



सुबह के समय पैदल गश्त पर निकले पुलिस और प्रशासन के अधिकारी।

- **सुबह 5 से 8 बजे तक चलाया गया अभियान**
- **बाइक पर स्टंट करने वालों पर भी की कार्रवाई**

अधिकारियों ने गांधी उद्यान तिराहा और चौकी चौराहा पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की।

इसके बाद चौकी चौराहा से कलेक्ट्रेट तक पैदल गश्त की। पुलिस ने अभियान के तहत जिले में 1768 लाउडस्पीकरों को चेक किया, जिसमें से 590 लाउडस्पीकरों की आवाज कम कराई और 172 लाउडस्पीकरों को उतरवाया।

# टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024



## भोर में सड़कों पर उतरे प्रशासनिक और पुलिस अफसर

**लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा समस्याएं सुनीं**

टेलीग्राम संवाद

बरेली। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल की है। शहर में बढ़ते अपराधों और सुरक्षा के प्रति लोगों की चिंताओं को देखकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार सुबह अंधेरे में खुद सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य समेत प्रशासनिक और पुलिस अफसरों ने शहर के विभिन्न इलाकों, पार्क और सड़कों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों पर सुरक्षा के इंतजाम, पुलिस गश्त, स्ट्रीट लाइट्स की स्थिति और संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी।

### लोगों से बात कर समस्या सुनी

प्रशासन और पुलिस अफसरों ने बताया इस पहल का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करें। इस दौरान अधिकारियों ने सड़कों और भीड़ भाड़ वाले प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का दौरा किया। इस दौरान दिन का सूरज भी निकल आया। वह उन स्थानों पर भी गए, जो अपेक्षाकृत सुनसान और आपराधिक इलाके माने जाते हैं।

### पुलिस कर्मियों की उपस्थिति

इस दौरान अफसरों ने पुलिस कर्मियों की उपस्थिति और सतर्कता का जायजा लिया। कुछ स्थानों पर गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।अधिकारियों ने देखा कि कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें खराब थीं। ऐसे स्थानों पर तुरंत मरम्मत के निर्देश दिए गए।दौरे के दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए रोका गया और उनकी तलाशी ली गई। अधिकारियों ने सड़कों और पार्क में



मौजूद लोगों से बातचीत की और उनसे सुरक्षा से संबंधित समस्याओं और सुझावों के बारे में जानकारी ली। कई लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे नागरिकों में विश्वास बढ़ा है। अफसरों ने बताया कि रात में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने, अपराधियों के हौसले पस्त करने, जनता में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ाने,पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत हेतु यह कदम उठाया है।

### डीएम-एसएसपी बोले

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा हमारा प्रयास है कि बरेली नागरिक खुद को दिन और रात, हर समय सुरक्षित महसूस करें। सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि रात में गश्त और निगरानी और मजबूत किया जाएगा। हर संवेदनशील इलाके में पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जा रही है।

# जनसंदेश टाइम्स जनपद बरेली दिनॉक 06.12.2024

## अपर पुलिस महानिदेशक ने लिया जायजा

बरेली। सुरक्षा एवं शान्ति के दृष्टिगत महानगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर जन सामान्य से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक राकेश कुमार, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक व अन्यः जनसन्देश टाइम्स

